B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

PERIODIC TEST-1 (2026-27)
SET – 1

Class : V — Duration : **1 Hrs**
Date :16.06.2026 — Max. Marks : **25**

सामान्य निर्देश:- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 06 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप-		
	भाग 'क' : अपठित गद्यांश	7 अङ्क
	भाग 'ख' : व्याकरण	11 अङ्क
	भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक	7 अङ्क

<u>खंड क (अपठित बोध)</u>

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

होली भारत का एक प्रसिद्ध और रंग-बिरंगा त्योहार है। यह हर साल फाल्गुन महीने में मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और मिठाइयाँ बाँटते हैं। बच्चे पानी की पिचकारी से खेलते हैं और बहुत आनंद लेते हैं। होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन लोग पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे से गले मिलते हैं और खुशी-खुशी त्योहार मनाते हैं।

होली के एक दिन पहले होलिका दहन किया जाता है, जिसमें लोग अग्नि जलाकर पूजा करते हैं। इस अवसर पर लोग गीत गाते हैं और नृत्य भी करते हैं। यह त्योहार हमें मिल-जुलकर रहने और प्रेम बढ़ाने का संदेश देता है।

(i) होली किस महीने में मनाई जाती है? **[1]**
(a) माघ (b)फाल्गुन
(c) चैत्र (d) वैशाख

(ii) बच्चे होली पर किससे खेलते हैं? **[1]**
(a) गेंद (b)पिचकारी
(c) पतंग (d) गुब्बारा

(iii) होली किसका प्रतीक है? **[1]**
(a) बुराई की जीत (b)अच्छाई की हार
(c) बुराई पर अच्छाई की जीत (d) किसी का नहीं

(iv) होली के दिन लोग क्या करते हैं? **[2]**

(v) होली पर लोग एक-दूसरे से क्यों गले मिलते हैं? **[2]**

<u>खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)</u>

प्रश्न.2 **भाषा और व्याकरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** [4]

(i) भाषा के कितने प्रकार हैं?

(ii) हमारे देश की राजभाषा कौन -सी है?

(iii) लिखित भाषा का एक उदहारण लिखिए |

(iv) हिंदी भाषा की लिपि नाम बताइए |

प्रश्न.3 **वर्ण विचार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** [4]

(i) वर्ण के कितने भेद हैं?

(ii) स्वर के कितने भेद हैं?

(iii) दो दीर्घ स्वरों के नाम लिखिए |

(iv) 'क' वर्ग के सभी व्यंजनों नाम लिखिए |

प्रश्न.**4 शब्द रचना पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** **[3]**

(i) 'दाँत' का तत्सम शब्द लिखिए |

(ii) 'सर्प' का तद्भव शब्द लिखिए |

(iii) अनुस्वार का उच्चारण किससे किया जाता है?

खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **[4]**

(i) हमारे देश में कैसे गीत गाए जाते हैं**?**

(ii) नसीरुद्दीन साहब क्या सोचकर साधारण कपड़ों में ही कार्यक्रम में चले गए**?**

प्रश्न.6 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक) **[3]**

(**i)** आपको क्या आपको होने पर गर्व है? यदि हाँ **,** तो क्यों ?

(ii) नसीरुद्दीन साहब ने धनी आदमी को क्या समझाया?

===============================समाप्त=================================